गौरा रानी ने जपी ऐसी माला मिला है देखो डमरू वाला

गौरा रानी ने जपी ऐसी माला,
मिला है देखो डमरू वाला।bd।

गौरा से बोले शम्भू काहे पुकारा,
गौरा जी बोली चाहूँ साथ तुम्हारा,
तुम जैसा नाथ नहीं कोई निराला,
गोरा रानी ने जपी ऐसी माला,
मिला है देखो डमरू वाला।bd।

महलों की रानी तू है मैं हूँ एक जोगी,
मेरे संग गौरा तुम कैसे रहोगी,
शमशान पर्वत पे मैं रहने वाला,
गोरा रानी ने जपी ऐसी माला,
मिला है देखो डमरू वाला।bd।

जहाँ रहोगे भोले मैं भी रहूंगी,
दासी तुम्हारी बनके सेवा करुँगी,
गौरा ने शिवजी को डाली वर माला,
गोरा रानी ने जपी ऐसी माला,
मिला है देखो डमरू वाला।bd।

गौरा के ह्रदय में शिव जी बसे है,
जन्मो के बंधन में दोनों बंधे है,
वैरागी दोनों ने जग को संभाला,
गोरा रानी ने जपी ऐसी माला,
मिला है देखो डमरू वाला।bd।

गौरा रानी ने जपी ऐसी माला,
मिला है देखो डमरू वाला।bd।

Singer – Kanishka

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com